तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री

न्यूनतम 15.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 6 जनवरी 2024

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

9 जाति-निवास प्रमाण पत्र बनाने स्कूल प्रभारी ...



10 बैठक में 32 फीसदी आरक्षण को लेकर..



## खबर संक्षेप

### आर्म्स एक्ट की कार्रवाई

**महासमुंद।** पुरानी सब्जी मंडी महासमुंद में एक 22 वर्षीय युवक को धारदार चाकू लहराते हुए पकड़ा गया। जानकारी के मुताबिक गुरूवार को कस्तुरबा सिन्हा पिता साधुराम 22 वर्ष निवासी सुभाष नगर महासमुंद द्वारा एक नग लोहे का धारदार चाकू लहराते हुए आने जाने वालों को धमकाया जा रहा था, जिसे सूचना पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा और उस पर आर्म्स एक्ट 25, 27 के तहत जुर्म दर्ज कर रिमांड पर जेल भेजा गया।

### पुरानी रंजिश, मारपीट

**महासमुंद।** बागबाहरा के एक टी स्टॉल में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। प्रार्थी अशोक नायक पिता डेरहा 33 वर्ष झलप चौक निवासी ने बताया कि हरिश उर्फ मोनू ध्रुव पिता लक्ष्मी ध्रुव लालपुर बागबाहरा निवासी द्वारा प्रेम टी स्टॉल में पुरानी रंजिश को लेकर अश्लील गाली देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया, जिससे उसे चौंट पहुंची है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### थ्रेसर मशीन साफ करते अधेड़ घायल

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम तरेकेला में थ्रेसर मशीन साफ करते हुए एक अधेड़ घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक घनश्याम जाटवार पिता रेशम 40 वर्ष द्वारा बीते दिनों पुनित राम जांगड़े पिता अक्तीराम 45 वर्ष निवासी तरेकेला को थ्रेसर मशीन साफ करने को कहा। मशीन साफ करते हुए उसके हाथ और छाती पर गंभीर चोंट आई, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी घनश्याम के खिलाफ 336, 337 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### युवक से शराब जब्त

**महासमुंद।** बागबाहरा थाना क्षेत्र के ग्राम बोकरामुड़ा में एक युवक से 4 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। पुलिस ने बताया कि ग्राम बोकरामुड़ा निवासी हरिराम गोड़ पिता पुसऊ राम 25 वर्ष द्वारा अवैध रूप से बिक्री के लिए अपने घर में 4000 एमएल कीमती 800 रूपए को रखा पाया गया। जिस पर उसके खिलाफ आबकारी एक्ट 34 (ए) के तहत कार्रवाई की गई है।

### खड़े ट्रक से टकराकर घायल हुआ बाइक सवार

**महासमुंद।** सिंघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम दीवानपाली बिरकोल रोड में खड़ी ट्रक में पीछे से टकराने पर एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसके इलाज के दौरान मौत होने पर ट्रक क्रमांक ओडी 03 आर 7191 के चालक के खिलाफ 304 ए के तहत मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक सोरीशंकर बेताल पिता हरिहर 54 वर्ष घाटकछार निवासी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 06 जीजे 2476 में सवार होकर जा रहे थे कि दीवानपाली बिरकोल रोड में खड़ी ट्रक से टकरा गए।

# विद्यार्थियों को राहत, अब कॉलेजों में हार्ड कापी जमा करने की जरूरत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षाओं के लिए आनलाइन आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को अब कॉलेजों में हार्ड कापी जमा करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। विश्वविद्यालय ने पत्र के माध्यम सभी कॉलेजों को इसकी जानकारी दे दी है। इसके अलावा वार्षिक परीक्षा के लिए आनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि में परिवर्तन किया गया है, जो विद्यार्थियों के लिए राहत की खबर है।

बता दें कि पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से संबद्ध कालेजों की स्नातक, स्नातकोत्तर व डिप्लोमा की वार्षिक परीक्षा के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया 15 दिसंबर से जारी है। 2023-24 में अध्ययनरत नियमित और अनियमित विद्यार्थी आवेदन करने च्वाइस सेंटर पहुँच रहे हैं। आवेदन के बाद उन्हे हार्ड कापी संबंधित कॉलेजों में जमा करने मशक्कत करनी पड़ रही थी। विद्यार्थियों की इस परेशानी को देखते हुए विश्वविद्यालय ने सभी कॉलेजों को एक आदेश जारी किया जिसके तहत आनलाइन आवेदन करने वालों को अब संबंधित कॉलेज पहुँचकर हार्ड कापी जमा करने की जरुरत नहीं पड़ेगी। आदेश के तहत प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है कि अब हार्ड कापी जमा करने की आवश्यकता नहीं है।

## ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि भी बढ़ी, अब 13 जनवरी तक

### अंतिम तिथि अब 13 को

कॉलेजों में मुख्य वार्षिक परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि में परिवर्तन किया गया है। 15 दिसंबर से शुरू प्रक्रिया की अंतिम तिथि पहले 5 जनवरी तक थी, जिसे बढ़ाकर 13 जनवरी किया है। बाद 14 से 20 जनवरी तक विलंब शुल्क के साथ आवेदन कर सकते हैं।



### विवि से आया पत्र

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अनुसूइया अग्रवाल ने बताया कि आनलाइन आवेदन के बाद हार्ड कापी नहीं जमा करने के संबंध में विश्वविद्यालय से पत्र प्राप्त हुआ है। व्यवस्था के तहत हार्ड कापी लेना है कि नहीं बैठक लेकर फैसला लिया जाएगा।

## हकीकत: 39 फीसदी पीएम आवास अधूरे, 21 प्रतिशत तो शुरु भी नहीं हुए

# 2023 में स्वीकृत किए गए 12 हजार में अब भी 11 हजार आवास अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- आवास के भुगतान के अभाव में अधूरे पड़े

गरीब परिवारों के घर का सपना पूरा करने के लिए लाए गए पीएम आवास योजनाओं का क्रियान्वयन जिले में धीमी रफ्तार से चल रही है। बीते साल का जहां स्वीकृत किए गए आवास के भुगतान के अभाव में अधूरे पड़े हैं। वहीं, चालू वित्तीय वर्ष में भी स्वीकृत किए गए 12064 आवास में अब भी 11787 आवास अधूरे पड़े हुए हैं। ऐसे में इन आवासों का निर्माण मार्च तक पूरा किया जाना संभव नहीं लग रहा। हालांकि, चुनाव के बाद आवास निर्माण में तेजी आई है और रोजाना करीब 55 आवास पूर्ण किए जा रहे हैं। प्रदेश की सत्ता पर काबिज होते ही चुनाव के दौरान भाजपा द्वारा किए गए वादों में गरीब परिवारों के लिए स्वीकृत पीएम आवास को पूरा किया जाना भी है। जिसे नई सरकार के शपथ ग्रहण के पश्चात अमल में लाया जा रहा है। जिले में वर्ष 2016-17 से वर्ष 2023-24 तक कुल 73,266 पीएम आवास निर्माण की स्वीकृति दी गई है। इसमें से 61,479 आवास पूर्ण हो चुका है और 11,787 आवास का निर्माण प्रगतिरत है। इसमें इसी वर्ष स्वीकृत किए गए 12,064 आवास भी शामिल है। इसकी मुख्य वजह जो सामने आ रही है, वह राशि का भुगतान अटक जाना है। वहीं, नगरीय निकायों की बात की जाए तो जिले के पांच नगरीय निकायों में स्वीकृत किए 7,212 आवासों में 1,534 का निर्माण शुरू नहीं किया जा सका है। जबकि, 2261 आवास अपूर्ण हैं।



### बड़ा बनाने की चाह से अपूर्ण

पीएम आवास के तहत मिलने वाली राशि में एक कमरा, एक परछी और किचन बनाया जाना है। लेकिन, कई हितग्राहियों द्वारा ज्यादा कमरा बनाया जा रहा है। चूंकि, निर्माण सामाग्री की लागत दुगुनी हो चुकी है। इसलिए, आवास का बजट बढ़ गया है और कई हितग्राही बजट के अभाव में पूरा नहीं कर पा रहे हैं। वहीं, मजदूरों के पलायन किया जाना भी आवास अपूर्ण रहने का एक कारण है।

### रोजाना पूर्ण हो रहा 55 आवास

जिला पंचायत सीईओ एस आलोक ने बताया कि दो माह पूर्व करीब 15 हजार आवास अधूरे थे, जिसमें अब 11,787 आवास निर्माणाधीन है। बाकी पूर्ण किया जा चुका है। जिले में बहुत पुराने आवास भी अधूरे थे। आवास के अधूरे होने का कारण पता कर पूर्ण किए जा रहे हैं और कई मामलों में वैधानिक कार्रवाई भी की जा रही है। लेकिन, अब रोजाना करीब 55 आवास पूर्ण हो रहा है।

# तापमान सामान्य से ज्यादा ठंड के तेवर पड़ा नरम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- जिले सहित पूरे प्रदेश में ठंड का असर हो गया कम

जिले सहित पूरे प्रदेश में ठंड का असर कम हो गया है। बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी युक्त हवा के कारण प्रदेश का न्यूनतम और अधिकतम तापमान बढ़ा है। तापमान सामान्य से ज्यादा होने के कारण ठंड के तेवर नरम पड़ गए हैं। वहीं, पूर्वी और दक्षिण पूर्वी हवा के मिलने से प्रदेश के उत्तरी क्षेत्र में बादल छाए रहने और बारिश के आसार बन रहे हैं। जबकि, एक सप्ताह पूर्व तक दिन में भी ठंड का एहसास हो रहा था। लोग दिनभर गुनगुने धूप का आनंद लिया जा रहा था।

पश्चिमी विक्षोभ का एक सिस्टम कमजोर पड़ रहा है, तो दूसरा विक्षोभ फिर बन रहा है। इससे ठंड के तेवर नरम पड़ गए हैं। अभी जो स्थिति बन रही है। मौसम विभाग ने अगले सप्ताहभर बादलों की आवाजाही की संभावना जताई है। साथ ही बारिश की भी संभावना है। इस बीच बुधवार को शहर का न्यूनतम तापमान 16 डिग्री तो अधिकतम तापमान 29 डिग्री दर्ज किया गया। रात व दिन का तापमान सामान्य से करीब दो से तीन डिग्री ज्यादा रह रहा है। इससे कम ठंड महसूस हुई। दिसंबर माह की शुरुआत में और फिर अंतिम सप्ताह में एक के बाद तीन विक्षोभ देखा गया। इस बीच बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती परिसंचरण से भी बादल छाए रहे। अभी एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। मौसम विभाग के अनुसार एक और पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान के आसपास सक्रिय है, जो आने वाले समय में भारत में प्रभावित होगा।

### तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना

मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा के मुताबिक अगले 24 घंटे में प्रदेश का न्यूनतम तापमान 2 डिग्री तक बढ़ सकता है। अधिकतम तापमान में मामूली वृद्धि संभावित है। उसके बाद टेंपरेचर में कोई बदलाव की संभावना नहीं है। एक हफ्ते के बाद हवा की दिशा बदलने और आसमान साफ होने से ठंड की वापसी के आसार हैं।

# गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक आहार देना सुनिश्चित करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर प्रभात मलिक ने शुक्रवार शाम को महिला एवं बाल विकास विभाग की विस्तृत समीक्षा कर विभाग द्वारा चलाए जा रहे गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी पर्यवेक्षक और परियोजना अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी आंगनबाड़ी केन्द्रों में कुपोषित बच्चे न रहें। उन्हें बेहतर और पौष्टिक भोजन देना सुनिश्चित करें और बच्चों का वजन उम्र के अनुसार बढ़ाएं। कलेक्टर ने जिले में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों पर शीघ्रता से भर्ती करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी रिक्त पदों की प्रक्रिया एक सप्ताह के भीतर प्रारम्भ करें। समीक्षा के दौरान बच्चों के कुपोषण स्तर को सुधारने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए गए हैं एवं नियमित रूप से बच्चों का वजन माप कर उनकी समीक्षा करने कहा गया। कलेक्टर ने यह भी कहा कि आंगनबाड़ी के पर्यवेक्षक यह सुनिश्चित करें कि बच्चों का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहे। केन्द्रों का निरीक्षण करें। हर आंगनबाड़ी केन्द्रों में गैस सिलेण्डर से ही खाना पकाएं। केन्द्रों में साफ-सफाई सुनिश्चित हो तथा सभी केन्द्र समय पर खुले तथा होम विजिट सुनिश्चित करें। उन्होंने पोषण ट्रेकर के माध्यम से अन्य सूचकांकों का विश्लेषण किया। कलेक्टर मलिक ने कहा कि प्रत्येक माह कम से कम एक बार सभी पर्यवेक्षक, एएनएम, मितानिन, बीएमओ और परियोजना अधिकारी बैठक कर गर्भवती महिलाओं एवं शिशुवती माताओं एवं एनीमिक महिलाओं के स्वास्थ्य पर योजना बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना, मिशन वात्सल्य योजना, नोनी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं कन्या विवाह योजनाओं का लाभ सभी पात्र महिलाओं व हितग्राहियों को देना सुनिश्चित करें।

### बिंद्रावन में श्रीमद भागवत कथा कल से



**नर्रा।** ग्राम बिन्द्रावन में श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 7 से 14 जनवरी तक रखा गया है। क था वा च क पंडित धनंजय तिवारी भानपुर वाले होंगे। कथा रसपान का समय दोपहर 1 बजे से संध्या 5 बजे तक है। प्रथम दिवस 7 जनवरी रविवार को कलश स्थापना, गौकर्ण कथा, द्वितीय दिवस 8 जनवरी सोमवार को भगवान विष्णु के 24 अवतार, राजा परिक्षित जन्म, तृतीय दिवस 9 जनवरी मंगलवार को वराह अवतार, शिव पार्वती विवाह, चतुर्थ दिवस 10 जनवरी बुधवार को भरत चरित्र प्रहलाद, पंचम दिवस 11 जनवरी गुरुवार को वामन अवतार, राम कृष्ण अवतार, छष्टम दिवस 12 जनवरी शुक्रवार को भगवान कृष्ण का बाल लीला व रास लीला, सष्टम दिवस 13 जनवरी शनिवार को कृष्ण-रूखमणी विवाह, अष्टम दिवस 14 जनवरी रविवार को सुदामा चरित्र, परिक्षित मोक्ष, भगवान की बरात, गीता हवन, कपिला, तर्पण महाप्रसादी एवं समापन होगा।

# भारत संकल्प यात्रा को मिल रहा अच्छा प्रतिसाद

## यात्रा के जिला संयोजक डॉ विमल चोपड़ा की पत्रकारवार्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। देश को विकसित बनाने के लिए जनता को भी संकल्प लेकर भारत सरकार की इस मुहिम में कदम से कदम मिलाकर चलना होगा, तभी भारत एक विकसित और समृद्ध देश बन सकेगा। उपरोक्त बातें आज प्रेस क्लब में विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला संयोजक डॉ विमल चोपड़ा ने कही।

उन्होंने कहा कि इन दिनों देशभर में विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई जा रही है, जिसमें प्रधानमंत्री के कार्यो की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। श्री चोपड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच है वर्ष 2047 में जब भारत की आजादी को 100 वर्ष हो जाए तो दुनिया उसे एक विकसित देश के रूप में जाने। प्रधानमंत्री इस बीच चाहते हैं कि देश की जनता को आवास, सड़क, शिक्षा,स्वास्थ्य, बिजली, रोजगार व अन्य मूलभूत सुविधाएँ मिल जाएं। उन्होंने संकल्प लिया है कि वे आजादी के 100वें साल तक भारत को विकसित देश बना देंगे। प्रधानमंत्री के इस विजन को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए हर भारतीय को संकल्प लेना होगा और इसमें अपनी अहम भूमिका निभानी होगी। श्री चोपड़ा ने बताया कि जिले में लगातार विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित हो रहा है जिसमें अधिकारी व भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता जनता की मांग और शिकायत सुनकर उसके निराकरण करने का प्रयास कर रहे हैं। यात्रा को हर जगह अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।

### अब तक 190 पंचायतों में हो चुकी है यात्रा

यात्रा के संयोजक डॉ चोपड़ा ने बताया कि जिले में कुल 551 ग्राम पंचायत है इसमें से अबतक कुल 190 पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हो चुका है। 16 दिसंबर से चालू हुई यह यात्रा 26 जनवरी तक चलेगी। प्रतिदिन जिले के 14 और ब्लॉक स्तर पर 4 यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। यात्रा के प्रशासनिक और पार्टी स्तर पर संयोजक बनाए गए हैं। महासमुंद विधानसभा स्तर पर शहर मंडल में मोहन साहू को संयोजक बनाया गया है। इसी प्रकार ग्रामीण के लिए लक्ष्मीकांत तिवारी, सिरपुर मंडल मोती साहू और पटेवा मंडल के लिए धर्मेश शुक्ला को संयोजक बनाया गया है।

## राज्य स्तरीय सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन कल

**महासमुंद।** सतनामी समाज की राज्य स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन 7 जनवरी रविवार को खालसा स्कूल परिसर रायपुर में सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति द्वारा रखा गया है। परिचय सम्मेलन में विशेष सान्निध्य एवं मार्गदर्शन समाज के धर्म गुरु बालदास करेंगे तथा मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व अध्यक्षता केबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि गुरु खुशवंत साहेब विधायक आरंग, राजेश मूणत विधायक पश्चिम रायपुर, पुरंदर मिश्रा विधायक उत्तर रायपुर, मोतीलाल साहू विधायक रायपुर ग्रामीण, भूषण लाल जांगड़े पूर्व राज्यसभा सांसद, सत्यनारायण शर्मा पूर्व विधायक होंगे। परिचय सम्मेलन के संबंध में आयोजन समिति के प्रदेशाध्यक्ष जयबहादुर बंजारे व प्रदेश उपाध्यक्ष अंजलि बरमाल के हवाले से रेखराज बघेल ने बताया है कि समाज के जो भी विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन में भाग लेने के इच्छुक हैं वो अग्रिम पंजीयन के लिए महासमुंद से दिनेश बंजारे, नुतन कुर्रे व विजय बंजारे, तरुण व्यवहार से सम्पर्क कर सकते हैं।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक

# रबी फसल के लिए 28 बांधों से 37 गांवों को मिलेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- जिले के जलाशयों में जल भराव और सिंचाई की समीक्षा की गई

वर्तमान में 28 जलाशयों में रबी सिंचाई के लिए जल भराव उपलब्ध है। कृषकों के मांग एवं जल भराव के आधार पर कोडार सहित अन्य जलाशयों से रबी सिंचाई के लिए 37 ग्राम के 1047 हेक्टेयर क्षेत्र में पानी दिया जाएगा। कोडार जलाशय बांध में खरीफ फसल सिंचाई के पश्चात अब तक 76.62 मेट्रिक घन मीटर जलभराव शेष है। ग्रीष्म ऋतु में निस्तारी तालाबों को जल प्रदाय एवं न्यूनतम जल आरक्षण के लिए सुरक्षित रखने के उपरांत लगभग 32.46 मेट्रिक घन मीटर पानी का उपयोग रबी सीजन में किया जाएगा।

कलेक्टर प्रभात मलिक की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्टोरेट के महानदी सभाकक्ष में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक हुई। बैठक में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा व सरायपाली विधायक चातुरीनंद विशेष रूप से उपस्थित रहें। कलेक्टर मलिक ने जिले के वृहद, मध्यम एवं लघु सिंचाई जलाशयों से रबी फसल सिंचाई तथा निस्तारण के लिए आवश्यक जल को सुरक्षित रखने के संबंध में समीक्षा की। बैठक में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि किसानों की मांग और जलभराव के आधार पर रबी फसल सिंचाई के लिए किसानों को जल प्रदाय किया जाए। उन्होंने कहा कि नहर में जल प्रवाह के दौरान किसी तरह नहर के तटों को काटकर पानी के उपयोग पर पाबंदी लगाया जाए। उन्होंने कोडार जलाशय से प्रस्तावित 11 ग्रामों के अलावा ग्राम गढ़सिवनी को भी रबी फसल के लिए पानी देने की बात कही। इसी तरह सरायपाली विधायक चातुरीनंद ने अंचल के पानी रिसाव व नहरों के मरम्मत के लिए प्रस्ताव बनाने कहा तथा जलाशयों के गेट से होने वाले लिकेज को मरम्मत कर सुधरवाने के निर्देश दिए। बैठक में बसना विधायक प्रतिनिधि प्रकाश चंद्रा, मोहन साहू, बंटी शर्मा, जल उपयोगिता समिति के सदस्यगण जनपद सभापति रमाकांत ध्रुव व सदस्य सत्यभान जेंड्रे, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उमेश साहू, जल संसाधन विभाग के समस्त अनुविभागीय अधिकारी, कृषि उप संचालक एफआर कश्यप, पीएचई डीपी वर्मा मौजूद रहें।




### रबी सीजन में 1047 हेक्टेयर क्षेत्र होंगे सिंचिंत

कार्यपालन अभियंता जल संसाधन एचआर यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में एक वृहद परियोजना कोडार जलाशय, एक मध्यम परियोजना केशवा नाला जलाशय तथा एवं अन्तर्राज्यीय परियोजना अपर जोंक परियोजना (नहर प्रणाली) है। कोडार जलाशय में क्षमता के अनुरूप 11 ग्रामों के 1306 हेक्टेयर क्षेत्र में दायीं तट नहर प्रणाली से जल प्रदाय किया जा सकता है। कृषकों की मांग एवं जल भराव के आधार पर इन जलाशयों से रबी सिंचाई के लिए 37 ग्राम के 1047 हेक्टेयर क्षेत्र में जल प्रदाय किया जा सकता है।

## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### मुक्तिधाम के लिए सीसीटीवी कैमरा दान

**महासमुंद।** मुक्तिधाम में महाकाल मुक्तिधाम सेवा ही संकल्प समिति महासमुंद के सदस्य गुप्ता कंप्यूटर एवं सीसीटीवी कैमरा सर्विस के संचालक हेमंत गुप्ता एवं उनके संपूर्ण परिवार द्वारा समिति के अध्यक्ष मनोज चंद्राकर, उपाध्यक्ष परमेश्वर सिंह राजपूत एवं समिति के पूरी टीम को मुक्तिधाम के लिए सीसीटीवी कैमरा दाना किए।

### मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन बैठक आज

**महासमुंद।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 6 जनवरी 2024 को किया जाना है। आयोग से प्राप्त फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 के लिए प्रारम्भिक प्रकाशन के लिए शनिवार 06 जनवरी 2024 को दोपहर 3 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित किया गया है। बैठक में संबंधितों को उपस्थित होने कहा है।

### प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 25 तक

**महासमुंद।** पं.जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए रविवार 10 मार्च 2024 को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। आदिवासी विकास के सहायक आयुक्त ने बताया कि इसके लिए विद्यार्थी गुरुवार 25 जनवरी 2024 तक अपना आवेदन शाला में जमा कर सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी विभाग के वेबसाइट www.tribal.cg.gov.in पर उपलब्ध है। आवेदन के लिए इच्छुक विद्यार्थी सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास महासमुंद अथवा सभी विकासखण्ड के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### वी शोभासिनी राव को मिला यूनिवर्सिटी में चौथा स्थान

**महासमुंद।** स्थानीय वार्ड नंबर 03



ईमलीभाठा निवासी छात्रा वी शोभासिनी राव ने आर्टस एवं कामर्स कॉलेज देवेन्द्र नगर रायपुर में एमए मनोविज्ञान की चौथे सेमेस्टर में 2000 में 1638 अंक प्राप्त कर पं.रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी रायपुर में चौथा स्थान प्राप्त कर नगर को गौरान्वित किया है। व्ही. शोभासिनी राव, व्ही प्रमिला राव पति स्व. वी दुर्गा प्रसाद राव की सुपुत्री है। इनकी माता जल संसाधन विभाग महासमुन्द में कार्यरत है।

### लोन देने के नाम पर एक लाख की ठगी

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ बैंक अफसर होने का झांसा देकर एक लाख सात हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। संजय नगर निवासी मोहम्मद हासिम ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है।

---

स्पर्धा : अखिल भारतीय महिला-पुरुष प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

# ग्रामीण परिवेश से आगे बढ़कर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच गई है कबड्डी : यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



मेघ खेल एवं नवयुवक मंडल कस्तूरबोड बागबाहरा द्वारा स्व रामानंद पनुरिया की स्मृति में होने वाले अखिल भारतीय महिला एवं पुरुष प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का निरंतर 37वाँ वर्ष का आगाज जैन मंदिर ग्राउंड बागबाहरा में हुआ।

शुभारंभ मार्च पास्ट रैली द्वारा प्रमुख पथ होते विभिन्न राज्यो से आए महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों के साथ आयोजन समिति के संयोजक डेमन राज पनुरिया, अध्यक्ष भोजनाथ देवांगन व सचिव देवेश साहू के नेतृत्व में समिति के अन्य सदस्य व नगर के वरिष्ठजन, खेल प्रेमियों की उपस्थिति में हुआ। गाजे-बाजे, फटाके व रंगीन खेल प्रतीक झंडों को लेकर यह मार्च पास्ट अपने गौरवशाली रूप में नगर की शोभा बढ़ाया। मार्च पास्ट पश्चात उद्घाटन सत्र के अतिथियों का आगमन हुआ। मुख्य अतिथि विधायक खल्लारी द्वारिकाधीश यादव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष हीरा सेतराम बघेल रहीं। विशिष्ट अतिथि अतुल बग्गा, भूपेंद्र ठाकुर, तेजन चंद्राकर, फिरोज मेमन व विजय बंजारे रहे। आसंदी में विशेष अतिथि जुगराज बघेल, लखबीर छाबड़ा, दीपक अग्रवाल, यशवंत जिंदल, रूपेश गोयल, गणेश शर्मा, विष्णु महानंद, नवनीत सलूजा, पोखराज साहू, उमेश दास, पुष्पेंद्र चंद्राकर, शहजान पाशा, रामकुमार ध्रुव, हेमिन डेमन ध्रुव, मंता यादव, आशा राम बांधे, ताम्रध्वज बघेल, बजरंगी यादव आसीन रहे। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात आयोजन समिति के सभी सदस्यों द्वारा उपस्थित अतिथियों का सम्मान किया गया।

तदुपरांत मेघ खेल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष भोजनाथ कल्लू देवांगन द्वारा आयोजन संबंधी प्रस्तावना प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि यह आयोजन विगत 37 वर्षो से अनवरत जारी है। प्रतिवर्ष इसकी भव्यता पूरे देश में फैलते जा रही है। खेल प्रेमी उक्त आयोजन में भारी संख्या में उपस्थित होकर खेल का आनंद उठाते हैं। लगभग देश के 17 विभिन्न राज्यों से महिला व पुरुष खिलाड़ी व प्रो कबड्डी के नामी खिलाड़ी शामिल हुए। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक यादव ने कहा कि बागबाहरा में कबड्डी का आयोजन 1960 के दशक से होते आ रही है। आज कबड्डी भारत के प्रमुख खेलों के साथ-साथ विदेश में भी पहुंच गई है। कोई भी खेल प्रतियोगिता में एक टीम की हार और एक टीम की जीत निश्चित होती है, लेकिन हारने वाली टीम को कभी निराश नहीं होना चाहिए और अपनी गलतियों से सीख लेकर निरंतर आगे बढ़ना और जीत हासिल करना ही असली जीत है। उन्होंने आगे कहा कि आज कबड्डी ग्रामीण परिवेश से आगे बढ़कर आज राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच गई है। आज कल टेलीविजन में प्रो कबड्डी के माध्यम से कबड्डी के नए-नए दाव पेज सीखने को मिलते हैं। पुराने जमाने में जहां कबड्डी रेतो खेली जाती थी। आज वही कबड्डी मेट पर पहुंच गई है। खेल में हमेशा खेल भावना से ही खेलना चाहिए। उद्बोधन पश्चात मंच से मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह आयोजन समिति द्वारा प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि व सम्मानित अन्य अतिथियों द्वारा फीता काटकर प्रो. कबड्डी का शुभारंभ खिलाड़ियों के परिचय व राष्ट्र गान पश्चात किया गया। जिसमें महिला टीम कोदो मिरी ओड़िसा व जबलपुर मध्यप्रदेश के साथ तथा पुरुष टीम जमशेदपुर झारखंड व मांगुर पानी ओड़िशा के मध्य प्रतियोगिता प्रारंभ हुई। जिसमें महिला टीम से जबलपुर, पुरुष टीम से मांगुर पानी के खिलाड़ी विजयी हुए।

---

## रेल सुविधाओं के नाम पर छत्तीसगढ़ सबसे ज्यादा उपेक्षित : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्र सरकार द्वारा पिछले कुछ समय से यात्री ट्रेनों को बार-बार निरस्त करने, लेट लतीफी का क्रम लगातार जारी है। रेल प्रबंधन द्वारा अपनी सुविधा अनुसार ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है, इससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वर्षो से भारतीय रेल आम जनता का भरोसे, सस्ता और सुलभ परिवहन का पर्याय बना हुआ है। बावजूद यात्रियों को पर्याप्त सुविधा नहीं मिल पा रही है। पूर्व संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने इसके लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ का अधिकांश रेलवे स्टेशन विकास के नज़रियें से काफी पिछड़ा हुआ है। रेलवे की आमदनी में एक बड़ी भागीदारी छत्तीसगढ़ से होती है। रेलवे माल भाड़ा, यात्री भाडा व अन्य मद से सबसे ज्यादा राजस्व अर्जित करता है। देश में कोयले के योगदान में सहयोग के बाद भी यात्री सुविधा के नाम पर छत्तीसगढ़ को हमेशा नजर अंदाज किया जाता रहा है। चंद्राकर ने कहा है कि डबल इंजन का दावा छत्तीसगढ़ के रेल यात्रियों के लिए ट्रबल इंजन साबित हो रहा है। देशभर के रेलवे जोन में सबसे ज्यादा राजस्व कमाकर देने वाला छत्तीसगढ़ मोदी सरकार में यात्री सुविधाओं के मामले में सबसे ज्यादा उपेक्षित, वंचित और शोषित हो रहा है। विकास के लिए डबल इंजन की ताल ठोकने वाले भाजपा नेता बताएं कि आखिर किस बात का बदला छत्तीसगढ़ की जनता से लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के अडानी परस्त नीतियों का खामियाजा छत्तीसगढ़ की जनता भुगत रही है। भाजपा की डबल इंजन सरकार में



■ भाजपा का डबल इंजन प्रदेश के लिए साबित हो रहा ट्रबल इंजन

हसदेव अरण्य के जंगल की कटाई और अडानी के कोयला ढुला रहे मालगाड़ियों को परमानेंट ग्रीन सिग्नल मिल रहा है, लेकिन यात्री गाड़ियां इरादातन, षड़यंत्र पूर्वक बाधित की जा रही है। मित्रों के मुनाफे के लिए देश के सार्वजनिक उपक्रम और नवरत्न कंपनियों को बेच रही मोदी सरकार की दुर्भावना अब रेलवे की विश्वसनीयता को भी खत्म कर अपने पूंजीपति मित्रों को बेचने की है। तमाम तरह की यात्री सुविधाएं, बुजुर्ग और छात्रों को दी जाने वाली रियायतें खत्म कर सभी तरह के शुल्क बढ़ा दिए गए हैं, उसके बावजूद आए दिन छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली ट्रेनों को रद्द किया जाना लगातार चालू है। भाजपा की नीति–नियत रेलवे को लेकर साफ नहीं है।

---

## तहसील साहू संघ ने की विधायक से मुलाकात...



**बसना।** तहसील साहू संघ बसना के तहसील सरंक्षक जन्मजय साव के मार्गदर्शन व तहसील अध्यक्ष पंकज साव के नेतृत्व में तहसील पदाधिकारियों द्वारा बसना विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक डॉ संपत अग्रवाल से भेंटकर जीत के लिए हर्ष जताया। साथ ही नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर तहसील कार्यकारी अध्यक्ष लोकनाथ साव, तहसील सरंक्षक उपेंद्र साव, तहसील सलाहकार कुंजराम साव, परीक्षित साव, दशरथ साव, तहसील कोषाध्यक्ष टिकेश्वर साहू, बंसुला परीक्षेत्र अध्यक्ष चन्द्रमणि साव, उपाध्यक्ष रूपानंद साव, कूड़ेकेल साहू ग्रामीण अध्यक्ष चन्द्रमणी साव सहित साहू समाज के कई लोग शामिल रहे। यह जानकारी प्रकाश सिंहा ने दी है।

---

# 27वीं राष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप में महासमुंद के खिलाड़ियों का दबदबा



**अरंड (पिथौरा)।** 27वीं राष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप का आयोजन 26 से 27 दिसंबर 2023 तक बालाजी स्कूल रायपुर में किया गया था। जिसमें महासमुंद के खिलाड़ियों ने 25 पदक जीतकर छत्तीसगढ़ को प्रथम स्थान दिलाया। टीम कोच उपेंद्र प्रधान, वीरेंद्र डड़सेना टीम मैनेजर जगन्नाथ साहू के नेतृत्व में महासमुंद के खिलाड़ियों ने स्पर्धा में भाग लिया। उपेंद्र प्रधान जिला सचिव शोतोकान कराते संघ महासमुंद जिलाध्यक्ष वीरेंद्र डड़सेना ने बताया कि कार्यक्रम में 12 राज्यों ने भाग लिया था। जिसमें छत्तीसगढ़ को प्रथम, महाराष्ट्र को द्वितीय एवं आंध्रप्रदेश को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में लगभग 600 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें महासमुंद जिले से गोल्ड मेडल में वंशिका चौहान गोल्ड मेडल, फुलेश्वरी ध्रुव गोल्ड मेडल, रोशनी ध्रुव गोल्ड मेडल, आरुषि नन्द गोल्ड मेडल, विजय चक्रधारी गोल्ड मेडल, किशन पाइक गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल में-आकांक्षा पटेल सिल्वर मेडल, खुशबू पटेल सिल्वर मेडल, शारदा निर्मलकर सिल्वर मेडल, सीमा ठाकुर सिल्वर मेडल, तनुजा नाग सिल्वर मेडल, भवनी बेहरा सिल्वर मेडल, यामिनी पटेल सिल्वर मेडल, भारती टण्डन सिल्वर मेडल, भूमिका दीवान सिल्वर मेडल, चांदनी विश्वकर्मा सिल्वर मेडल, लता चक्रधारी सिल्वर मेडल, दामिनी बघेल सिल्वर मेडल, दीपक निषाद सिल्वर मेडल, राकेश साहू सिल्वर मेडल, सुर्यकान्त मिश्रा सिल्वर मेडल, ब्रॉन्ज़ में मेडल में- गुंजा दीवान ब्रॉन्ज मेडल, दीपिका गोस्वामी ब्रॉन्ज मेडल सहित 25 खिलाड़ियों ने मेडल प्राप्त किए। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक शिहान वरुण पाण्डेय राष्ट्रीय महासचिव यूनाइटेड शोतोकान कराटे डू इंडिया ने हर्ष जताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्योशी एमएम हैदर अली खान प्रेसिडेंट यूनाइटेड शोतोकान कराटे डू इंडिया एवं योगेश अग्रवाल फ़िल्मि स्टार व प्रेसिडेंट राइस मिल एसोसिएशन, आकाश विग एडवाइजर स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर, बीजेपी युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, सनत राठौर गुरुजी, संतोष गुप्ता नेशनल वॉइस प्रेसिडेंट कॉलेज एसोसिएशन उपस्थित रहे।

---

## मोदी की गारंटी, अगले 5 साल तक कोई गरीब भूखा नहीं सोएगा: प्रदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चन्द्राकर ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अगले 5 साल तक गरीबों को मुफ्त चावल देने के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि मोदी के इस निर्णय से अगले 5 साल तक गरीबों को मुफ्त चावल देने के निर्णय से अब कोई गरीब जरूरतमंद भूखा नही रहेगा। मोदी की गारंटी के साथ की गयी घोषणा को पूरी करने वाली योजनाओं की शुरुआत छत्तीसगढ़ में भी भाजपा की सरकार की बनते ही शुरू हो गयी है।



जिला महामंत्री प्रदीप ने छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनते ही 18 लाख पात्र जरूरतमंद परिवारों को प्रधानमंत्री आवास निर्माण की योजना शुभारंभ करने के साथ 3100 रुपए में धान खरीदी और किसानों को पिछला 2 साल का बकाया बोनस देने की शुरुआत करने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि प्रदेश का किसान सुखी और समृद्ध हो ये सोच भाजपा की केंद्र और राज्य की डबल इंजन की सरकार की है। विगत दिनों सम्पन्न हुए विधानसभा चुनावों में देश के प्रधानमंत्री मोदी छत्तीसगढ़ में अनेक सभाएं लेते हुए किसानों, युवा, महिलाओं सहित सर्व वर्ग के हित में अनेक कार्ययोजना के शुभारंभ की गारंटी दी थी। जिला महामंत्री प्रदीप ने कहा कि महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में मोदी ने विगत 9 वर्षो के अपने कार्यकाल में व्यापक निर्णय लेते हुए उन्हें अनेक योजनाओं की सौगात देकर आर्थिक रूप से शसक्त बनाया है। चंद्राकर ने कहा कि वर्तमान में भाजपा की सरकार महिला माता बहनों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने एक ऐतहासिक योजना मातृत्व वंदन योजना की शुरुआत करने जा रही है, जिसमें महिलाओं को 12000 रुपए सालाना प्रदान किया जाना है। वर्तमान में विकसित भारत संकल्प यात्रा भाजपा सरकार की अभिनव पहल है, जिसमे सरकार की योजनाओं का पूरा पूरा लाभ पात्र और जरूरतमंद लोगों को मिल सके इस उद्देश्य से यह यात्रा नागरिकों तक पहुंच रही है। विधानसभा चुनावों के पूर्व से ही भाजपा, भूपेश सरकार की प्रदेश की जनता से लगातार किए जा रहे वादाखिलाफी को लेकर जनहित में संघर्ष करती रही है। पूरे प्रदेश में शराब की अवैध बिक्री, माफियाओं के आतंक से अराजकता का माहौल निर्मित करने वाली कांग्रेस की सरकार को सत्ता से बेदखल कर जनता ने बता दिया है कि देश प्रदेश के विकास के लिए भाजपा की सरकार का होना जरूरी है। देश की जनता मोदी के नेतृत्व में सशक्त, समृद्ध और शक्तिशाली भारत के नवनिर्माण की साक्षी है। भारत देश की एकता अखंडता और धर्मनिरपेक्षता मोदी के कार्यकाल की ऐतहासिक उपलब्धि है।

प्रदीप ने कहा कि देश को रामनगरी अयोध्या में भव्य राममन्दिर निर्माण की सौगात देने वाले मोदी की उपस्थिति में आगामी 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होंगे। पूरा देश अपने आराध्य भगवान राम के नवनिर्मित मन्दिर में विराजमान होने के पल की प्रतीक्षा कर रहा है। 22 जनवरी को पूरे देश में ऐतहासिक और एक और भव्य दीपावली उत्सव की तैयारिया प्रारम्भ हो चुकी है। चन्द्राकर ने विज्ञप्ति में आगे कहा कि देश प्रदेश की जनता जिस प्रकार मोदी की गारंटी पर विश्वास करते हुए उन्हें जनसमर्थन दे रही है। आगामी दिनों में होने वाले लोकसभा के निर्वाचन में इस बार प्रदेश की जनता पूरे 11 सीटों पर कमल खिलाने का मन बना चुकी है। मोदी के कार्यकाल की तीसरी पारी की शुरुआत पिछले 2 बार की लोकसभा सीटों के विजय से भी ज्यादा की संख्या में सांसदों को जिताकर भेजने से होगी। प्रदेश की नवगठित भाजपा की सरकार के साथ केंद्र में भाजपा की सरकार बनने से ही डबल इंजन की सरकार में सर्वांगीण विकास को गति मिलेगी।

---

## नेत्रहीन विद्यालय में विश्व ब्रेललिपि दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

करमापटपर स्थित फॉर्च्यून फाउंडेशन के फॉर्च्यून नेत्रहीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में लुइस ब्रेल का जन्मदिन को विश्व ब्रेल लिपि दिवस के रूप में मनाया गया है। नेत्रहीन लोगों के सहायता एवम समाज में अन्य लोगों के साथ कदम मिलाकर सम्मान के साथ जीने के लिए लुइस ब्रेल ने ब्रेल लिपि का आविष्कार किया। उनका जन्मदिन 4 जनवरी को वर्ल्ड ब्रेल डे के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर फॉर्च्यून नेत्रहीन विद्यालय में सृष्टि चंद्राकर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बागबाहरा के मुख्य आतिथ्य तथा डॉ यार्क एसडीओपी बागबाहरा के विशेष आतिथ्य, अविनेश कोसे अतिथि एवम संस्था के संस्थापक निरंजन साहू की अध्यक्षता में ब्रेल डे मनाया गया। सर्वप्रथम लुइस ब्रेल के छायाचित्र में माल्यार्पण कर विधिवत पूजन तत्पश्चात विद्यालय के बच्चों द्वारा ब्रेल लिपि लेखन, पठन, योग प्रदर्शन, नृत्य, गायन वादन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। पश्चात अतिथियों का उद्बोधन हुआ। जिसमें सबने बच्चों के सुखद भविष्य की मंगल कामना की गई। मुख्य अतिथि ने बच्चों के छोटे बड़े जो भी कार्य हैं उन्हें करने का आश्वासन दिया तथा निरंजन साहू के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम प्रारंभ होने के पूर्व संस्था के संस्थापक सदस्य डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने निरंजन साहू से बात कर सभी कार्यक्रमों की जानकारी लेते हुए वर्तमान में पुनः कोरोना के संक्रमण से बचने मास्क, सोशल



डिस्टेंस, हाथ धुलाई, स्वच्छता का पालन करने एवम अन्य एतिहात बरतने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी बागबाहरा, थाना प्रभारी तेंदूकोंना, थाना प्रभारी कोमाखान एवम तुलसी राम बरिहा, मायाराम पटेल, भोजराम बर्मन, ग्राम के गणमान्य नागरिक एवम शाला परिवार मौजूद रहे।

---

विकसित भारत संकल्प यात्रा में जनप्रतिनिधियों ने दी योजनाओं की जानकारी

# सर्वांगीण विकास की कल्पना को साकार कर रहा संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

देश के प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी विकसित भारत संकल्प यात्रा में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चन्द्राकर सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ ग्राम भलेसर, लाफिनखुर्द और कनेकेरा पहुंचे। विकसित भारत संकल्प यात्रा में उपस्थित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने उपस्थित ग्रामीणों को यात्रा के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी ने गांव, गरीब,मजदूर, किसान सहित पात्र जरूरतमंदों तक सरकार की योजनाओं का लाभ दूर सुदूर अंचलों में रहने वालों तक पहुंचे इस उद्देश्य के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं को लेकर यह शिविर आयोजित किया है। शिविर में ग्रामवासियों की मूलभूत सूविधाओं से सम्बंधित योजनाओं से जुड़ी सरकार के कार्यक्रमों की सभी जानकारी सम्बंधित अधिकारियों के माध्यम से दी जा रही है। विधायक योगेश्वर ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से आपकी सरकार आपके द्वार तक पहुंची है। ग्रामीणों के प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, कृषि, ग्रामविकास के कार्यो, पेंशन और अन्य सुविधाओं और को उपलब्ध



कराने और समस्याओं के निराकरण के लिए सक्षम अधिकारी स्वयं यहाँ मौजूद है। आप सभी यहां से अपने मूलभूत सूविधाओं और सरकार की योजनाओं की पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते है। पूर्व राज्यमंत्री पूनम चन्द्राकर ने भी विकसित भारत संकल्प शिविर में ग्रामीणों को भाजपा की सरकार की योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि यह संकल्प यात्रा सबका साथ सबका विकास के लिए समर्पित है। मोदी ने छत्तीसगढ़ प्रदेश के विकास की गारंटी दी है और आप सभी के सहयोग और समर्थंन से भाजपा की सरकार बनी है। और प्रदेश में सरकार बनते ही मोदी की दी गयी गारंटी पर कार्य प्रारम्भ हो गया है। इस अवसर पर उपस्थित सांसद प्रतिनिधि संदीप दीवान ने भी ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के मुखिया प्रधानमंत्री मोदी की दूरगामी सोच के साथ अंत्योदय की कल्पना को लेकर यह विकसित भारत संकल्प यात्रा आप तक पहुंची है और निश्चित रूप से इस शिविर के माध्यम से आप सभी की समस्याओं का निराकरण यहाँ पर होगा। भाजपा नेता मुन्ना साहू, नीलम दीवान ने भी शिविर में उपस्थित जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए भाजपा सरकार की योजनाओ का उल्लेख करते हुए ऐसे शिविर को जनहित के लिए आवश्यक और सराहनीय पहल बताया। शिविर में शासकीय योजनाओं की जानकारियों और सरकार के कार्यो की उपलब्धियों पर आधारित चित्र प्रदर्शनी, अन्य कार्यक्रमों की जानकारी और अवलोकन उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने करते हुए अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक दिशानिर्देश दिया। इस अवसर पर सम्बंधित ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

---



### बेलसोंडा में निकाली गई श्रीराम लला की कलश यात्रा

**महासमुंद।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहा श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गांवव-गांव में जोर शोर से तैयारी चल रही है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय से लगे ग्राम बेलसोंडा में अयोध्या से आए अक्षत कलश यात्रा धूमाल के राम धुन में प्रत्येक गली मोहल्लों में निकाली गई। गाँव के सातबहिनिया माता मंदिर से प्रारंभ होकर कुर्मीपारा, भाठापारा, सुंदरनगर, टेढहीपारा, अखरापारा भ्रमण करते हुए ढीमरपारा, बजरंग चौक श्रीराम के मंदिर में आरती पूजन कर समापन किया गया। आयोजनकर्ताओं ने बताया गया कि 22 जनवरी को मानसभवन में रामायण पाठ का आयोजन किया गया है। यहां प्रोजेक्टर की भी व्यवस्था की गई है। ताकि, प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण ग्रामवासी देख सकें। कार्यक्रम में योगेश चंद्राकर आयोजककर्ता, पूर्व जनपद सदस्य वाणी तिवारी, उपसरपंच हुलसी चंद्राकर, कृति साहू, अनिल चंद्राकर, भोला चंद्राकर, गजानन चंद्राकर, हेमंत चंद्राकर, बिसहत चंद्राकर, बुगेश्वर धीवर, विक्रम जलक्षत्री, राजेन्द्र साहू, प्रकाश साहू, तुलसी, मीनाक्षी, सरिता, शीलू, उषा, ज्योति, सरोज, दीप्ति, भारती, क्रांति, झरना, लक्ष्मी, आरती, मनटोरा, गोमती, कृष्णा साहू आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## आज 12 ग्रामों में पहुंचेगी विकसित संकल्प यात्रा



**महासमुंद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का सिलसिला जारी है। जिसके तहत 6 जनवरी को जनपद महासमुंद के ग्राम पंचायत खैरा और उमरदा में सुबह 10 बजे से एवं लभराखुर्द और झालखम्हरिया में दोपहर 2 बजे से शिविर लगाया जाएगा। इसी तरह जनपद पिथौरा के ग्राम पंचायत बोईरमाली और चरौदा में प्रातः 10 बजे से, ग्राम पंचायत लिलेसर और परसदा में दोपहर 2 बजे से एवं जनपद बसना के ग्राम पंचायत बरबसपुर और कन्हारी में 10 बजे से एवं गौरटेक और धनापाली में 2 बजे से शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा योजनाओं के स्टॉल लगाए जाएंगे और संबंधित योजना का लाभ दिलाने आमजन से आवेदन लिए जाएंगे तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा रथों में लगी एलईडी के माध्यम से योजनाओं के बारे में जानकारी देकर सरकार की योजनाओं का लाभ लेने हेतु लोगों को प्रेरित किया जाएगा।

# जाति-निवास प्रमाण पत्र बनाने स्कूल प्रभारी शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा





स्थानीय वन काष्ठागार में प्रायमरी से हायर सेकंडरी स्कूलों के प्रभारी शिक्षकों को विद्यार्थियों के जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन स्कूल शिक्षा विभाग एवं राजस्व विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

इस दौरान पिथौरा के तहसीलदार नितिन ठाकुर, बीईओ के के ठाकुर, एबीईओ द्वारिका पटेल, बीआरसीसी गौतमप्रसाद कन्हेर, साक्षरता विभाग के ब्लॉक नोडल अधिकारी अरुण देवता उपस्थित रहे। प्रभारी शिक्षकों का प्रशिक्षण दो चरणों में हुआ। प्रथम चरण में पिथौरा, गोंड़बहाल, घोंच, कोल्दा तथा दूसरा चरण में सांकरा, भगत देवरी, पिरदा क्षेत्र के सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक एवं निजी विद्यालयों के प्रभारी शिक्षकों को तहसीलदार नितिन ठाकुर एवं एबीईओ द्वारिका पटेल द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा पहिली से बारहवीं के छात्रों के लिए जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र बनाए जाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। तहसीलदार ठाकुर ने बताया कि अजा, अजजा वर्ग के विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए वर्ष 1950 का मिसल रिकॉर्ड या चकबन्दी रिकॉर्ड या दाखिल खारिज, पांच पीढ़ी की वंशावली, हल्का पटवारी व सरपंच से जाति प्रमाण पत्र आवश्यक है। इसी तरह अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रों के लिए वर्ष 1984 के मिसल रिकॉर्ड या पालक का दाखिल खारिज, तीन पीढ़ी वाली वंशावली, हल्का पटवारी व सरपंच से प्रमाण पत्र आवश्यक दस्तावेज के रूप में लगता है। निवास प्रमाण पत्र बनवाने के सम्बंध में बताया गया कि संबंधित विद्यार्थी भारत का निवासी हो, ग्राम में पंद्रह वर्ष तक निवास रत हो तथा सम्बंधित ग्राम के हल्का पटवारी व सरपंच से जारी निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, अंकसूची आवश्यक है। आय प्रमाण पत्र के लिए हल्का पटवारी से जारी प्रमाण पत्र जरूरी है।

उन्होंने बताया कि फार्म भरते समय ध्यान रखा जाए कि पिता के आधार पर जाति का निर्धारण होता है। इन प्रमाण पत्रों को बनवाने के लिए सम्बंधित छात्र के परिवार से कोई भी आवेदक हो सकता है। एबीईओ द्वारिका पटेल ने सभी प्रभारी शिक्षकों को जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र बनाए जाने के बारे में फार्म तैयार किस तरह किया जाए, इस सम्बंध में सावधानी एवं बारीकियों को विस्तार से बताया।

आगे बताया कि सभी संकुल केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में इसके लिए फार्म समन्वयकों के माध्यम से पहुंचा दिया गया है। जिन्हें पालकों से आवश्यक दस्तावेज संकलन कर एक सप्ताह के अंदर संकुल समन्वयकों के माध्यम से बीईओ कार्यालय में जमा करने को कहा गया। प्रशिक्षण के दौरान पूर्व में बनाए गए जाति एवं निवास प्रमाण पत्रों का तहसीलदार नितिन ठाकुर एवं बीईओ केके ठाकुर द्वारा वितरण किया गया।

# जिले के क्रिकेट खिलाड़ियों का राष्ट्रीय टीम में चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला क्रिकेट संघ के विभिन्न खिलाड़ियों का चयन अलग-अलग आयु वर्ग में उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर छत्तीसगढ़ टीम के लिए चयन हुआ है। जिसमें सर्वप्रथम शशांक चंद्राकर का चयन सीनियर वर्ग में रणजी ट्रॉफी के लिए हुआ है, जिनका पहला मैच 5 जनवरी से असम के विरुद्ध शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में खेला जा रहा है।

ज्ञात हो कि शशांक चंद्राकर पूर्व पांच सालों से सैयद मुश्ताक अली एवं विजय हजारे टूर्नामेंट खेलने आ रहे हैं और छत्तीसगढ़ टीम के अहम सदस्य हैं। वहीं अंडर 23 कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी के लिए महासमुंद के विकेटकीपर बल्लेबाज वैभव पांडे का चयन हुआ है। इनके अभियान की शुरूवात 7 जनवरी से शुरू हो जाएगा। वही अंडर 14 के खिलाड़ियों का चयन सेंट्रल जोन राज सिंह डूंगरपुर टूर्नामेंट के लिए छत्तीसगढ़ के 30 खिलाड़ियों का उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर किया गया है, जिनका प्रशिक्षण शिविर आरटीसीए ग्राउंड रायपुर में होगा। इसमें महासमुंद से तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ है। आयुष द्विवेदी, अनमोल द्विवेदी एवं मेहुल देवांगन सम्मिलित है। अनमोल ने प्लेट ग्रुप में सर्वाधिक 237 रन व एलिट ग्रुप में दूसरा सर्वाधिक 286 रन बनाए और दोनों टूर्नामेंट में वह कप्तान थे। वही आयुष ने प्लेट ग्रुप मैच में दूसरा सर्वाधिक 13 विकेट व एलिट ग्रुप में सर्वाधिक 48 विकेट लिए। इन सभी खिलाड़ियों का चयन अपने-अपने मैचों में श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। इस उपलब्धि पर जिला क्रिकेट संघ के सचिव विनोद शर्मा, अध्यक्ष शशांक मोघे, कोषाध्यक्ष सलीम कुरैशी, चयनकर्ता राजेश शर्मा, तुषार चौहान, दिनेश, आनंद कामदार, तृपेश, आलोक दिवेदी एवं शैलेश शुक्ला ने हर्ष जताया है।

# बसना कॉलेज में वैल्यू एडेड कोर्स का आयोजन 13 जनवरी तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



स्व.जयदेव सतपथी शासकीय महाविद्यालय बसना में प्राचार्य डॉ. एसके साव के निर्देशन में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य विभाग द्वारा 3 जनवरी से 40 घंटे का वैल्यू एडेड कोर्स की शुरुआत हुई। यह कोर्स 13 जनवरी तक चलेगा।

इस वैल्यू एडेड कोर्स में छात्र-छात्राओं को महाविद्यालयीन पाठ्यक्रम के अलावा विद्यार्थियों को अपने मूल्यों को संवर्धन करने के लिए अलग से पाठ्यक्रम तैयार किया जाता है। कला विभाग द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बुनियादी तैयारी विषय पर, विज्ञान विभाग द्वारा टॉक्सिकोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी एंड नैनोटेक्नोलॉजी विषय तथा वाणिज्य विभाग द्वारा बिजनेस लॉस एंड बेसिक नॉलेज ऑफ कंप्यूटर विषय पर मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम का संचालन किया जा रहा है।

इस मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालय से स्त्रोत वक्ताओ को आमंत्रित किया जा रहा है। स्त्रोत वक्ता अपने अनुभवों को स्मार्ट बोर्ड, पीपीटी के माध्यम से बड़े ही रोचक एवं आकर्षक ढंग से विद्यार्थियों को प्रेषित कर रहे हैं। इस वैल्यू एडेड कोर्स में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक आरती साव, एनके प्रधान, डॉ. सी बखला, विजय कठाने, अजय जलक्षत्री, संतोष कुमार, गीतिका प्रधान एवं अतिथि व्याख्याता रोशनी गुप्ता, दीपिका अग्रवाल, मितेश नंद, रितेश देवता, मोहन लाल बांधे, जागेश्वर अजय तथा समस्त कार्यालयीन स्टॉफ उपस्थित रहे।



## वृक्षों के पुन:रोपण के लिए निरीक्षण

**पिथौरा।** पिथौरा नगर पंचायत अंतर्गत गौरव पथ का निर्माण कार्य जारी है। गौरव पथ निर्माण के जद में आ रहे वृक्षों को काटे जाने की जानकारी होने पर ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया द्वारा इन वृक्षों को न काटकर मूल स्थान से जड़ समेत उखाड़कर अन्यत्र रोपित करने की मांग ग्रीन केयर सोसायटी द्वारा की गई थी। इसी संदर्भ में ग्रीन केयर अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही की पहल से कोलकाता से केएचएमएसडी कंपनी के वृक्ष ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ अरनब मंडल डॉ पाणिग्राही के साथ पिथौरा पहुंचकर नगर पंचायत के इंजीनियर हेमंत पिस्दा, चंद्रशेखर शुक्ला, खिलेश साहू एवम अन्य स्टाफ के साथ सभी वृक्षों का निरीक्षण किया तथा 27 वृक्ष जो ट्रांसप्लांट के बाद जीवित रह सकेंगे उसका चयन किया गया तथा सूची बनाई गई। ट्रांसप्लांट प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी विशेषज्ञ अरनब मंडल द्वारा दी गई। पश्चात आरके स्कूल के पास संभावित स्थलजहां पुनर्रोपित करना है उसका निरीक्षण किया। अब नगर पंचायत पिथौरा द्वारा इस संबंध में निर्णय लिया जाना है।

# पीएससी भर्ती में गड़बड़ी की जांच का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कैबिनेट ने बुधवार को पीएससी 2021 भर्ती में गड़बड़ी मामले की जांच सीबीआई से कराने का निर्णय लिया है। इस निर्णय का सांसद कार्यालय प्रभारी मोहन साहू एवं सांसद प्रतिनिधि पवन साहू ने स्वागत किया। उन्होंने एक बयान जारी कर कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग 2021 भर्ती परीक्षा को लेकर विवाद कायम है। इसमें तत्कालीन पीएससी अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी, राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो समेत कई अफसरों, कांग्रेस नेताओं के रिश्तेदार अभ्यर्थियों का चयन संदेह में है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने इसे लेकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया था, लेकिन पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार ने नियुक्तियों की जांच न कराकर जायज ठहराने का कुतर्क कर सभी हदें पार कर दी थी। जबकि, छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने भर्ती परीक्षा के बाद चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति पर रोक लगाई थी। चुनाव से पूर्व भाजपा ने प्रदेश के युवाओं से वादा किया था कि पीएससी में हुई गड़बड़ी की सीबीआई से जांच कराई जाएगी और मुख्यमंत्री साय ने यह निर्णय लेकर युवाओं की वादे पर खरे उतरे हैं। अब जल्द ही पीएससी भर्ती में गड़बड़ी करने वाले दोषी सलाखों के पीछे होंगे। पीएससी भर्ती में गड़बड़ी का सारा सच प्रदेश की जनता के सामने आएगा और योग्य अभ्यर्थियों का चयन हो सकेगा।

### हिट एंड रन अधिनियम में भ्रम के कारण बनी हड़ताल की स्थिति

सांसद कार्यालय प्रभारी मोहन साहू एवं सांसद प्रतिनिधि पवन साहू ने बताया कि हिट एंड रन अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी नहीं होने के कारण ऐसी स्थिति बनी है। यह सहीं है कि इस अधिनियम के धारा 106 के तहत आरोपी चालक को 10 साल की सजा और 7 लाख रूपए जुर्माना का प्रावधान रखा गया है। लेकिन, यह धारा उन परिस्थितियों में लगेगा, जब हादसा के बाद इसकी सूचना पुलिस, अस्पताल, पेट्रोलिंग पार्टी या डॉयल 108, 112 पर नहीं दिया जाएगा और वक्त रहते इलाज नहीं मिलने के कारण किसी की मौत हो जाती है। चालक को दुर्घटना स्थल पर रूक कर घायल की मदद करना जरूरी नहीं है। बल्कि, वे इसकी सूचना दें। ताकि, घायल का इलाज में देरी न हों। ऐसा करने पर यदि घायल व्यक्ति की मौत भी हो जाती है, तो उन पर अधिकतम 304 ए की धारा लगेगी, जो कि जमानती धारा है। यह सिर्फ बस या ट्रक चालक पर लागू नहीं होगा। बल्कि, उन सभी चार पहिया और दुपहिया वाहन चालक पर भी इसी धारा के तहत जुर्म दर्ज किया जाएगा। लेकिन, इसे कुछ लोगों द्वारा चालकों के खिलाफ एकतरफा कानून बताकर हड़ताल कराया गया। चालकों से अपील है कि वे किसी के बहकावे में न आएं।



## लाफिनकला में किया गया पौधारोपण

**महासमुंद।** ग्राम लाफिनकला में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल ने गांव के राम मंदिर के पास कदम के पेड़ का पौधा रोपण किया। साथ ही पर्यावरण की सुरक्षा का संदेश देते हुए पौधे की संरक्षण की अपील ग्रामीणों से की। इस अवसर पर सरपंच हेमिन पटेल, उपसरपंच डुमन साहू, घनश्याम सोनी, नोडल अधिकारी एलआर साहू, नायाब तहसीलदार मोहित अमीला, संकुल समन्वयक भारत साहू स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए तिथि बढ़ी, 15 जनवरी तक कर सकते हैं आवेदन

**महासमुंद।** आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा शिक्षा सत्र 2023-24 के लिए जिले में संचालित समस्त शैक्षणिक शासकीय व अशासकीय महाविद्यालय, मेडिकल, कृषि, वेटनरी, पॉलीटेक्निक कॉलेज, आईटीआई, नर्सिंग, डीएड एवं बीएड में अध्ययन कर रहे अनुसूचित, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए पात्र होंगे। ऑनलाइन आवेदन https://postmatric-scholarsip.cg.nic.in वेबसाइट पर कर सकते हैं। आदिवासी विकास के सहायक आयुक्त ने बताया कि ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन तिथि में वृद्धि करते हुए नवीन एवं नवीनीकरण ऑनलाइन आवेदन के लिए अंतिम तिथि 15 जनवरी 2024 तक किया गया है। ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने के लिए 25 जनवरी तक एवं सैंक्शन ऑर्डर लॉक करने के लिए 10 फरवरी 2024 तक का समय रहेगा। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो इसके लिए संस्था जिम्मेदार होंगे। पीएफएमएस के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जाएगा। सभी विद्यार्थी आवेदन करते समय ध्यान रखें कि उनका बचत खाता एक्टिव हो एवं आधार सीडेड बैंक खाता नम्बर की प्रविष्टि कराएं। आवेदन का सत्यापन आधार से लिंक मोबाईल नम्बर पर ओटीपी के माध्यम से किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बनाए रखने मड़ई मेला जरूरी : यादव

## ग्राम सरगतोरा में आयोजित मड़ई मेला उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए खल्लारी विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



ग्राम सरगतोरा में आयोजित मड़ई मेला उत्सव कार्यक्रम में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान विधायक यादव ने कहा कि मड़ई मेला हमारी संस्कृति की पहचान है। यह मड़ई मेला एक दूसरे से मिलने और भाईचारे की भावना को समृध्द करता है। ग्राम सरगतोरा में ग्रामवासियों द्वारा मड़ई मेला उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक द्वारिकाधीश यादव थे। अध्यक्षता टेकलाल यादव ने की। विशेष अतिथि के रूप में सरपंच प्रतिनिधि युगल किशोर यादव मौजूद थे। विधायक यादव के ग्राम पहुंचने पर ग्रामवासियों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। बाद इसके विधायक यादव ने मड़ई मेला उत्सव का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि विधायक यादव ने कहा कि मड़ई मेला हमारी संस्कृति की पहचान है। यह मडई मेला एक दूसरे से मिलने और भाईचारे की भावना को समृध्द करता है। हम अपनी संस्कृति को बनाए रखने के लिए मड़ई मेला आदि का आयोजन करते है। यह मेला हमारी परंपरा रीत-रिवाजों, खान-पान, कला संस्कृति के साथ ही मेल-मिलाप का भी सशक्त माध्यम है। मड़ई मेला के माध्यम से छत्तीसगढ़ की संस्कृति को सहेजा जा सकता है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ यहां के तीज-त्यौहारों में शासकीय अवकाश देने की शुरूआत की है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से परसराम पटेल, टिकेश्वर यादव, महासिंग खड़ुयिा, टीकाराम यादव, रोहित पटेल, हेमंत यादव, सालिकराम यादव, कंशराम बरिहा, बसंत यादव, उदेराम पटेल, संतोष खड़ुयिा, देशीलाल खड़ुयिा, घनश्याम पटेल, संतोष पटेल, कुलेश्वर बरिहा, मालिकराम यादव, लोकनाथ पटेल, नंदकुमार ध्रुव आदि मौजूद रहे।

# अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचे लाभ : पवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



केंद्र की भाजपा सरकार के नेतृत्वकर्ता देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर ग्राम लाफिनकला में पहुंची। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल शामिल हुए। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए पूर्व नपाध्यक्ष पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार की जनहित योजनाओं और जनता की मूलभूत सुविधाओं को साकार करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा आप तक पहुंची है। शहरों की तर्ज पर ग्रामीण अंचल तक सरकार की योजनाओं का लाभ जनता को मिले यह इस शिविर का उद्देश्य है। पटेल ने कहा कि भाजपा की सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नही है। चुनाव पूर्व किए हुए वादे और घोषणाओं पर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही अमल करते हुए प्रधानमंत्री मोदी की दी हुई गारंटी पर कार्य प्रारम्भ हुआ है। गांव, गरीब, मजदूर, किसान तक सरकार की योजनाओं की जानकारी और लाभ पहुँचे ऐसी सोच के साथ मोदी की सरकार ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की नई पहल की शुरुआत की है। शिविर में सभी विभागों से सम्बंधित अधिकारी कर्मचारी आप की समस्याओं के निराकरण और जनहित की योजनाओं की जानकारी के साथ आपके बीच उपस्थित है। शिविर में उपस्थित ग्रामीणजनों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ पवन पटेल ने स्टालों का निरीक्षण करते हुए भाजपा की सरकार की जनहित की योजनाओं से सम्बंधित जानकारी और चित्रप्रदर्शनी का निरीक्षण करते हुए ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ अन्य विविध कार्यक्रम हुए। इस अवसर पर सरपंच हेमिन पटेल, उपसरपंच डुमन साहू, नोडल अधिकारी एलआर साहू, नायब तहसीलदार मोहित अमीला, संकुल समन्वयक भारत साहू सहित बड़ी संख्या में महिला समूहों की सदस्य और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153, 4074154
8817428621, 6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### पुस्तक प्रदर्शनी मेला का आयोजन

**सरायपाली।** स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य पीके भोई के मार्गदर्शन में छात्र संघ प्रभारी डॉक्टर संध्या भाई एवं ग्रंथालय प्रभारी डीके मांझी के निर्देशन में ग्रंथालय विभाग द्वारा एक दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी मेला का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी मेला में पाठ्य पुस्तकों के अतिरिक्त मैगजीन, शोध पत्रिका, संदर्भ पुस्तकें एवं प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित 400 पुस्तकों को सम्मिलित किया गया। किताबों में ज्ञान रूपी वह खजाना होता है, जिससे छात्र-छात्राएं अपने जीवन के लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकें। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए एवं छात्र-छात्राओं में पुस्तकों के प्रति जागरूकता लाने के लिए यह आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

### कर्मचारी संघ ने की विधायक से मुलाकात

**महासमुंद।** छग लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ ने महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से सौजन्य मुलाकात कर जीत पर हर्ष जताया। साथ ही नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। मुलाकात के दौरान संघ के जिलाध्यक्ष उमेश कुमार साहू, जिला सचिव नंदकुमार देवदास, जिला कोषाध्यक्ष अनूप कुमार यादव, उपाध्यक्ष कुंदन थानेकर, महिला प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष उमादेवी सोनी, विभागीय संयोजक विवेक परदेशी, रामशरण यादव, रवि दुबे एवं देवेन्द्र साहू उपस्थित थे। यह जानकारी संघ के जिलाध्यक्ष उमेश कुमार साहू ने दी है।

# बैठक में 32 फीसदी आरक्षण को लेकर हुई चर्चा हसदेव कोल ब्लाक खनन पर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

गोंडवाना भवन प्रांगण वार्ड नंबर 12

- कौड़यिा महासंघ एवं सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक पिथौरा

में कौड़यिा आदिवासी महासंघ एवं सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक पिथौरा के तत्वावधान में बैठक हुई। बैठक में कौड़यिा आदिवासी महासंघ एवं सर्व आदिवासी समाज के सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में 32 प्रतिशत आरक्षण एवं प्रमोशन में आरक्षण पर चर्चा की गई। साथ ही हसदेव कोल ब्लॉक में खनन एवं आदिवासियों के विस्थापन, जीव जंतुओं, पर्यावरण का विनाश, कोल खनन से छत्तीसगढ़ के प्राकृतिक असन्तुलन और अन्य समस्याओं को लेकर खिलाफ ब्लाक स्तर में आंदोलन को और तीव्र करने की रणनीति बनाई। पांचवी अनुसूचित क्षेत्र में पेसा कानून एवं ग्राम सभा के विपरीत प्रस्ताव पर कानूनी लड़ाई का भी निर्णय किया गया। आगामी दिनों में पूरे ब्लॉक में बैठक कर जिसमें जिले के सभी पदाधिकारी एवं सामाजिक संगठनों, पर्यावरण प्रेमियों, बुद्धजीवियों को आंदोलन में शामिल होने के लिए निवेदन करने



का निर्णय किया गया। बैठक में समाज के विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करते हुए कोयला खदान के लिए हसदेव जंगल कटाई को लेकर वृहद आंदोलन करने की तैयारी के साथ जल जंगल जमीन कैसे सुरक्षित करेंगे इस पर चर्चा की गई।

**कौड़िया आदिवासी महासंघ कार्यकारिणी का गठन**

बैठक के उपरांत कौड़यिा आदिवासी महासंघ के अध्यक्ष जनक राम ठाकुर ने अपने कार्यकारिणी का गठन किया। इसमें संरक्षक भूषण सिंह सूर्यवंशी, लक्ष्मण ठाकुर, गणेश राम ठाकुर, रूपसिंह ध्रुव, दयाराम बरिहा, संत कुमार भोई, भारत दीवान, कार्यकारिणी अध्यक्ष जाम सिंह दीवान, उपाध्यक्ष मुंशीलाल ठाकुर, गजेंद्र कुमार बरिहा, तुलसी दीवान, अलेख भोई, बरत लाल माझी, घासीराम ध्रुव, बुधराम ठाकुर, कोषाध्यक्ष भागीरथी ध्रुव, सचिन तुलाराम सोरी, श्याम कुमार नेताम, सहसचिन कार्तिक राम बरिहा, महामंत्री सुखराम कुवार, संगठन मंत्री मनराखन ठाकुर, सुरेश मलिक, नानक ठाकुर, मनोज बरिहा, इंद्रजीत कोड़ा, तिलक राम बरिहा, कार्यकारिणी सदस्य लाल सिंह ठाकुर, नैन सिंह ठाकुर, जगत राम ठाकुर, आगिन सिंह ठाकुर, सिरमन ध्रुव, सुखीराम ध्रुव, शिवचरण ध्रुव, लतेल ठाकुर, तुलाराम नेताम, खीरेंद्र भोई, मनबोध सबर, भारत भोई, जनक भोई, मोहन मलिक, शत्रुघ्न भोई, गणेश राम दीवान, मोहन दीवान, दीनदयाल दीवान, गोपाल दीवान, देव दीवान, राम दयाल बरिहा, ताराचन्द्र बरिहा, रणजीत बरिहा, सुखराम बरिहा, विणु बरिहा को बनाया गया। बैठक में सैकड़ों सामाजिक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जोगनीपाली में सावित्रीबाई फुले की जयंती पर महिलाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

ग्राम जोगनीपाली में माता सावित्री बाई फुले समूह के तत्वावधान में जन्मोत्सव एवं महिला सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रसिद्ध गा इ ने को लॉ जि स्ट डॉक्टर सुजाता पटेल तथा अध्यक्ष अनीता चौधरी थी। विशिष्ट अतिथि के रूप में संजिदा खान, चंद्रलेखा खाखा, जनपद सदस्य उर्मिला खाखा, सरपंच भरतलाल चौधरी, मनोहर खाखा, अमृत लाल पटेल, एसपी चौहान, पद्मिनी सतपथी रहे।



समारोह की शुरुआत माता सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई। जन्मदिवस पर माता सावित्रीबाई फुले के चित्रपटल पर दीपक जलाकर तथा फूल माला नारियल चढ़कर भारतीय परंपरा से जयंती को मनाई गई। रेखा पुरोहित ने माता फुले के विषय में जानकारी दी। डॉक्टर सुजाता ने माता सावित्रीबाई द्वारा महिला शिक्षा के लिए किए गए प्रयासों का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि माता फुले को स्वयं को शिक्षित करने के लिए अनेक कष्टों का सामना करना पड़ा। भारत के इतिहास में पहली महिला शिक्षिका होने का दर्जा प्राप्त करने के साथ-साथ उन्होंने महिलाओं के शिक्षा के लिए समाज से लड़ते हुए महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलवाया। आयोजन समिति माता सावित्रीबाई फुले द्वारा सम्मान स्वरूप जोगनीपाली की महिलाटोली ज्वाला महिला संगठन की महिलाओं गंगाबाई, मीरा, उर्मिला तथा अन्य को साल श्रीफल तथा पुष्प कुछ देकर सम्मानित किया गया। ज्वाला महिला संगठन की ये महिलाएं प्रतिवर्ष जोगनीपाली ग्राम में शरद पूर्णिमा पर होने वाले मेले का सभी कार्यों और व्यवस्थाओं का निर्वहन किया जाता है। इतने बड़े आयोजन के चंदा से लेकर मेले के दिन के कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाना तथा साथ ही डंडा लेकर सिक्योरिटी के जैसे वीरता वाला कार्य भी ज्वाला महिला संगठन की वीर महिलाओं द्वारा किया जाता है। समूह के वंदना सतपथी, रेखा पुरोहित, पुष्पा पारेश्वर तथा अन्य सदस्य उपस्थित रहे। मंच संचालन पुष्पलता चौहान ने किया। अंत में समूह की अध्यक्ष अनिता चौधरी पटेल ने माता सावित्री बाई फुले को आदर्श बताया।

# मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

विकसित भारत संकल्प यात्रा का पड़ाव विकासखंड के ग्राम कनकेवा पहुंचा। ग्राम पंचायत कनकेवा में आयोजित संकल्प शिविर में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर कहा कि यहां पर शिविर लगाकर ग्रामीणों को मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत से जानकारी दी गई तथा मोदी सरकार के हर योजनाओं का लाभ लेने के लिए ग्रामीणों से अपील की।



प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा के प्रदेश प्रभारी सरला कोसरिया ने आगे कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा वंचितों और अंतिम छोर के व्यक्तियों को शासन की प्रमुख योजनाओं से जागरूक कर उन्हें लाभान्वित कर रही है। मोदी सरकार की गारंटी वाली गाड़ीयों से योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी डिजिटल स्क्रीन, फ्लेक्स और पोस्टर के माध्यम से जन जन तक पहुंचाई जा रही है। उन्होंने सभी ग्रामीणों को केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही तथा आगे कहा कि ग्रामीणों ऐसे व्यक्ति जो शासन की योजना से अब तक वंचित रह गए थे, उन्हें लाभान्वित करने की दिशा में मोदी सरकार संकल्पबद्द होकर कार्य किया जा रहा है।

इस शिविर में योजनाओं से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए जा रहे है, जिसे शिविर स्थल पर ही समस्याओं के निराकरण की कोशिश की जा रही है। जो शिविर स्थल पर नही वाले समस्याओं के निराकरण के लिए एक निश्चित समयावधि पर उसका निराकरण किए जाने की बात कही।

शिविर में आए ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास, उज्वला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, सस्ती एवं जेनरिक दवाई, आधार कार्ड से संबंधित एवं अन्य विभागों और योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही हितग्राहियों को आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड एवं किसान क्रेडिट कार्ड वितरण किया गया। सरला कोसरिया ने शिविर में छः माह के बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्रासन संस्कार कराया एवं गर्भवती माताओं के गोद भराई का रस्म भी किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष कुमारी भास्कर, जनपद उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र चौधरी, सरपंच खीर बाई पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद अमित कुमार हलधर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाशचंद्र मांझी, संकुल केंद्र समन्वय सतीष पटेल, पूर्व जनपद सदस्य अक्षय पटेल, भाजपा कार्यकर्ता खिरेंद्र पटेल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन किशोर कुमार रथ ने किया।




